राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

—: आवश्यक सूचना :—

(विज्ञापन सं०—08/2025)

मेधा सूची का प्रकाशन

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के विज्ञापन संख्या **08/2025** {PR No. 11390 (B&C) D.2025-26 एवं {PR No. 11391 (B&C) D.2025-26 के द्वारा NHM अंतर्गत **ANM** के संविदागत 5006 रिक्त पदों पर नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का Computer Based Test (CBT) दिनांक— 17 से 19 दिसम्बर, 2025 को राज्य के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गयी थी।

विज्ञापन के विस्तृत—निर्देश की कंडिका 12 (vi) में उल्लेखित शर्तो के अनुरूप कोटिवार रिक्ति के अनुसार CBT में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेधा क्रम में **1:1.5** के अनुपात में प्रमाण—पत्र सत्यापन हेतु दिनांक — 27 जनवरी से 03 फरवरी, 2026 तक (कुल 8 दिन) बुलाया गया। प्रमाण—पत्र सत्यापन में सफल अभ्यर्थी में से विज्ञापित आरक्षण कोटिवार रिक्तियों के विरूद्ध विज्ञापन के विस्तृत—निर्देश की कंडिका 12 (i) में निर्धारित चयन का आधार एवं मापदण्ड के अनुरूप मेधा सूची (**Merit List**) कार्यालय के अधिकृत वेबसाईट — **https://shs.bihar.gov.in/** पर प्रकाशित की गयी है।

मेधा सूची (Merit List) हेतु कोटिवार अभ्यर्थियों का कट—ऑफ अंक निम्नवत् है —

विज्ञापन संख्या— 08 / 2025 (ANM)			
क्र० सं०	कोटि	कट—ऑफ अंक (कुल 100 अंकों में)	अंतिम चयनित अभ्यर्थी की जन्मतिथि
1.	अनारक्षित (UR)	**60.66**	28.02.1998
2.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	**53.54**	28.01.2001
3.	अनुसूचित जाति (SC)	**50.72**	16.06.1999
4.	अनुसूचित जनजाति (ST)	**52.06**	14.04.1996
5.	अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC)	**56.86**	03.01.2001
6.	पिछड़ा वर्ग (BC)	**60.20**	30.01.1996
7.	पिछड़े वर्गों की महिला (WBC)	**59.08**	25.01.2000
8.	दृष्टि दिव्यांगता	**30.70**	05.05.2002
9.	मूक बधिर दिव्यांगता	**27.42**	#
10.	चलन्त दिव्यांगता	**50.72**	02.01.1992
11.	मानसिक / बहु दिव्यांगता	**31.30**	#
12.	स्वतंत्रता सेनानी के नाती / नतिनी / पौत्र / पौत्री	**25.96**	#

 # सभी योग्य अभ्यर्थी चयनित।

विज्ञापन में प्रकाशित कोटिवार रिक्ति, वर्त्तमान में बिहार राज्य में लागू आरक्षण नियमों तथा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार द्वारा समय—समय पर निर्गत दिशा—निर्देशों के आलोक में प्रकाशित उक्त मेधा सूची अभ्यर्थियों द्वारा प्रमाण—पत्र सत्यापन में समर्पित विभिन्न प्रमाण—पत्रों की वैधता (Validity) / पूर्ववृत्त सत्यापन (Background Verification) के फलाफल से प्रभावित होगा।

साथ ही, माननीय उच्च न्यायालय, पटना मे दायर **वाद संख्या— 2334 / 2026 (कौशल्या कुमारी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य)** में पारित होने वाले न्याय निर्णय के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त के साथ उक्त मेधा सूची का प्रकाशन किया जा रहा है।

01/04/26

(राजेश कुमार)
प्रशासी पदाधिकारी—सह—
प्रभारी, मानव संसाधन